देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध पंथी नर्तक स्वर्गीय देवदास बंजारे की स्मृति में राज्यस्तरीय **'देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार'** की स्थापना की गई है।

प्रमुख बिंदु

- इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक शैली **'पंथी नृत्य'** प्रदर्शनकारी कला के क्षेत्र में प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित तथा सम्मानित करना है।
- देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार की नियमावली का प्रकाशन 10 सितंबर, 2021 को राज-पत्र में हो चुका है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 18 दिसंबर, 2020 को बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर स्वर्गीय देवदास बंजारे की स्मृति में पंथी नृत्य पुरस्कार स्थापित किये जाने की घोषणा की थी।
- इस पुरस्कार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य अलंकरण समारोह में शामिल कर लिया गया है।
- **पंथी नृत्य पुरस्कार के तहत 50 हज़ार रुपए की सम्मान राशि, प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।**
- गौरतलब है कि राज्य में संस्कृति विभाग द्वारा पहले से ही 'देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार' स्थापित है, जो राज्य में प्रदर्शनकारी लोक शैली कला क्षेत्र के क्षेत्र अंतर्गत स्थापित है। देवदास बंजारे की स्मृति में यह राज्यस्तरीय दूसरा पुरस्कार केवल लोक शैली 'पंथी नृत्य' प्रदर्शनकारी कला के क्षेत्र में स्थापित किया गया है। इस प्रकार अब संस्कृति विभाग से दिये जाने वाले पुरस्कारों की संख्या अब 8 हो गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/devdas-banjare-smriti-panthi-dance-award